भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 3067
सोमवार, 15 मार्च, 2021/24 फाल्गुन, 1942 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटकों के लिए बेहतर अनुभव सुनिश्चित करने का प्रस्ताव

3067\. **श्री मोहनभाई कुंडारिया:**
श्री अनिल फिरोजिया:
श्री दीपसिंह शंकरसिंह राठौड़:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का प्रस्ताव पर्यटकों के लिए बेहतर अनुभव सुनिश्चित करना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या स्व-निर्भर पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था से क्षेत्र में युवाओं के लिए अर्जक रोजगार का सृजन होगा; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) **(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)**

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटकों के लिए बेहतर अनुभव सुनिश्चित करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में अनेक कदम उठाए हैं जिनका विवरण निम्नलिखित है:

i. थीम आधारित पर्यटक परिपथों के विकास के विजन से स्वदेश दर्शन योजना आरंभ की गई।
ii. अभिज्ञात तीर्थ गंतव्यों के संपूर्ण विकास के लिए तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) संबंधी राष्ट्रीय मिशन योजना आरंभ की गई।
iii. अन्य केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों/राज्य सरकारों/शहरी स्थानीय निकायों के सहयोग से विकास हेतु देश में 19 प्रतिष्ठित स्थल अभिज्ञात किए गए।
iv. विरासत स्थलों/स्मारकों और अन्य पर्यटक स्थलों में पर्यटक सुविधाओं के विकास और रखरखाव के लिए एक विरासत को अपनाएं परियोजना शुरू की गई।
v. टोल फ्री 24x7 बहुभाषी पर्यटक हेल्पलाइन आरंभ की गई।
vi. 171 देशों के नागरिकों के लिए पांच उपश्रेणियों में ई-वीजा की सुविधा प्रदान करना यथा ई-पर्यटक वीजा, ई-बिजनेस वीजा, ई-चिकित्सा वीजा, ई-चिकित्सा सहयोगी वीजा और ई-सम्मेलन वीजा।
vii. ई-वीजा का और अधिक उदारीकरण किया गया है और वीजा शुल्क में उल्लेखनीय कटौती की गई है।
viii. अतुल्य भारत पर्यटक सुविधाप्रदाता कार्यक्रम शुरू किया गया है जो पर्यटको की सहायता के लिए प्रशिक्षित तथा प्रमाणित पर्यटक सुविधाप्रदाताओं का एक समूह तैयार करने के लिए ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफार्म तैयार करने के उद्देश्य से की गई एक अखिल भारतीय डिजिटल पहल है।

ix. बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए श्रम शक्ति के प्रशिक्षण एवं उन्नयन हेतु सेवाप्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण योजना (सीबीएसपी) के अंतर्गत कार्यक्रमों का संचालन।

x. देश में एडवेंचर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्वतारोहण/ट्रैकिंग हेतु नई पर्वत चोटियों को खोला गया।

xi. पर्यटन गंतव्य के रूप में भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए ₹1001 से ₹7500 प्रति रात्रि के टैरिफ वाले होटल के कमरों पर जीएसटी को घटाकर 12% और ₹7501 से अधिक के टैरिफ वाले होटल के कमरों पर जीएसटी को घटाकर 18% कर दिया गया है।

xii. पर्यटन मंत्रालय की सिफारिश पर नागर विमानन मंत्रालय द्वारा आरसीएस उड़ान 3 के अंतर्गत 46 पर्यटन रूट अभिज्ञात एयरलाइनों को सौपे गए हैं। इनमें से 21 रूट पर प्रचालन शुरू हो गया है।

xiii. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अनुसार उत्तर प्रदेश में निम्नलिखित 5 स्मारकों में चीनी भाषा में सीएनबी साइनेज लगाए गए हैं।

- शाक्य पिपरवा- लखनऊ सर्कल के स्थल, तथा स्तूप और मठ
- श्रावस्ती- लखनऊ सर्कल
- सारनाथ के प्राचीन बौद्ध स्थल - सारनाथ सर्कल
- चौखंडी स्तूप- सारनाथ सर्कल
- कुशीनगर में अवस्थित बौद्ध अवशेष तथा महापरिनिर्वाण मंदिर - सारनाथ सर्कल

मध्य प्रदेश में सांची के स्मारकों में सिंहली भाषा में सीएनबी साइनेज भी लगाए गए हैं।

(ग) और (घ): पर्यटन क्षेत्र आर्थिक वृद्धि तथा रोजगार सृजन का एक प्रमुख साधन है। वर्ष 2017-18 और 2018-19 के लिए तीसरे पर्यटन सेटेलाइट अकाउंट (टीएसए) के अनुसार देश के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार में पर्यटन का हिस्सा निम्नानुसार है:

	2017-18	**2018-19**
पर्यटन के कारण प्रत्यक्ष+ अप्रत्यक्ष रोजगार (मिलियन में)	80.54	88.72

नोट : एनएएस 2020 का उपयोग करते हुए उपरोक्त आकलनों को अद्यतन किया गया है।

*****